

विराट के लिए बैटिंग फायदेमंद

विराट ने भारत से बाहर जिन 10 टेस्ट मैचों में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है उनमें से भारत ने 8 जीते हैं और दो मैच ड्रॉ रहे हैं। यानी टीम इंडिया एक भी मुकाबला नहीं हारी है।

## टेस्ट सीरीज में बन सकते हैं ये रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूजीलैंड। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 21 फरवरी से वेलिंग्टन में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने जहां टी20 इंटरनैशनल सीरीज में जीत हासिल की वहीं वनडे सीरीज में कीवी टीम ने हिसाब बराबर कर लिया। जनवरी 2016 से न्यूजीलैंड इकलौता देश है जहां टॉस जीतकर पहले बोलिंग करने वाली टीम ने ज्यादा मैच जीते हैं।

**बोलिंग फायदेमंद नहीं:** वहीं पहले बोलिंग करते हुए 11 मैचों में भारतीय टीम 8 हारी है और तीन ड्रॉ रहे हैं। यानी इसमें से भारतीय टीम एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है। आखिरी बार भारतीय टीम टॉस जीतकर पहले बोलिंग करते हुए कोई मैच जीती थी तो साल 2010 में।

**न्यूजीलैंड का घरेलू रेकॉर्ड शानदार**

दिसंबर 2013 से न्यूजीलैंड ने घरेलू मैदानों पर 11 टेस्ट सीरीज जीती हैं और सिर्फ दो हारी हैं। अप्रैल 2017 से वह अपने घर पर एक मैच भी नहीं हारी है। 2003/04 से भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए पिछले 15 टेस्ट मैचों में से टीम इंडिया ने सात जीते हैं और सात ही ड्रॉ रहे हैं।

# आईसीसी के सभी टूर्नामेंट में टॉप पर है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप: विराट कोहली

### क्वॉलिफाइ करने के बजाय चैंपियनशिप को जीतने पर लगा है ध्यान

**क्रिकेट**

ज्यादा से ज्यादा सफेद गेंद के टूर्नामेंट जोड़ने की योजना



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेलिंग्टन। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को आईसीसी की सभी प्रतियोगिताओं में सबसे बड़ी स्पर्धा करार दिया। खेल की शीर्ष संचालन संस्था आईसीसी 2023–2031 तक अगले आठ साल के दौरान ज्यादा से ज्यादा सफेद गेंद के टूर्नामेंट जोड़ने की योजना बना रही है। आईसीसी के प्रस्तावित 2023–2031 भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) चक्र के अनुसार 2024 और 2028 में टी20 चैंपियंस कप, 2025 और 2029 में वनडे चैंपियंस कप, 2026 और 2030 में टी20 वर्ल्ड कप तथा 2027 और 2031 में वनडे वर्ल्ड कप निर्धारित किया गया है।

भारतीय कप्तान ने शुक्रवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व कहा, 'मुझे लगता है कि आईसीसी टूर्नामेंट में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को सबसे शिखर पर होना चाहिए। मेरे लिए सभी अन्य टूर्नामेंट इसके बाद आते हैं। यह शायद इन सभी में सबसे बड़ा है क्योंकि हर टीम लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह बनाना चाहती है। हम भी अलग नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'हम इसके करीब हैं। हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम जल्द से जल्द इसमें क्वालीफाई कर जायें और हमारा ध्यान क्वॉलिफाइ करने के बजाय उस चैंपियनशिप को जीतने पर लगा हो।' इसमें कोई शक नहीं कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप ने पारंपरिक फॉर्मेट में थोड़ी प्रतिद्वंद्विता ला दी है जिससे मुकाबले और अधिक रोमांचक हो गए हैं क्योंकि इसमें अंक दिए जाते हैं। कैप्टन कोहली ने कहा, 'इसने टेस्ट क्रिकेट को और अधिक रोमांचक बना दिया है और हमने ऐसा ही अनुभव किया है, हालांकि हमने ज्यादा मैच विदेशी सरजमीं पर नहीं खेले हैं। वेस्ट इंडीज में दो मैच ही खेले हैं। हमने टेस्ट चैंपियनशिप के नाते ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं किया है। यह घरेलू सत्र शुरू होने के बाद से हमारा पहला दौरा है।'

कप्तान को उम्मीद है कि दो टेस्ट मैचों की सीरीज काफी चुनौतीपूर्ण होगी जैसी हाल में इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच हुई थी। उन्होंने कहा, 'मैच टक्कर के होंगे और टीमें ड्रॉ के बजाय जीत हासिल करना चाहेंगी जो टेस्ट क्रिकेट में हमें देखने की जरूरत है। साउथ अफ्रीका बनाम इंग्लैंड सीरीज काफी रोमांचक रही थी। इंग्लैंड ने केप टाउन टेस्ट में अंतिम घंटे में मैच जीता था और आपको ऐसे ही कई नतीजे देखने को मिलेंगे क्योंकि इसमें काफी अंक दांव पर होंगे।'

## वेब सीरीज में वाइफ हेजल कीच संग ऐक्टिंग... युवराज सिंह ने बताई सच्चाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और भारत की 2011 वर्ल्ड कप जीत के हीरो रहे युवराज सिंह के बारे में एक खबर आई थी। यह उनके ऐक्टिंग में डेब्यू करने की थी। कहा जा रहा था कि युवराज सिंह ने पत्नी हेजल कीच और छोटे भाई जोरावर सिंह के साथ एक वेब सीरीज साइन की है, जिसमें जोरावर सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। लेकिन ऐसा नहीं है। युवी ने ट्वीट करके इसकी सच्चाई बताई है।

उन्होंने ट्वीट किया कि हाल ही में मेरे वेब सीरीज में ऐक्टिंग की खबरें आ रही हैं। बता दूं कि यह तथ्यात्मक रूप से गलत है। वेब सीरीज में मेरा भाई काम कर रहा है, ना कि मैं। आप सभी मीडिया के साथियों से निवेदन की कृपया इसे सही कर लें। धन्यवाद..!! हालांकि, युवी ने इस बारे में कुछ नहीं लिखा कि उनकी ऐक्ट्रेस वाइफ हेजल कीच, भाई जोरावर और मां शबनम इस वेब सीरीज में काम कर रहे हैं या नहीं।

**पहले या थी खबर:** उल्लेखनीय है कि इससे पहले पीटीआई की एक खबर थी कि वेब सीरीज को असम का एक प्रोडक्शन हाउस श्ड्रीम हाउस प्रोजेक्शन्सश बना रहा है। इसमें युवराज सिंह वाइफ हेजल और भाई जोरावर के साथ ऐक्टिंग करते दिखेंगे। प्रोडक्शन हाउस से जुड़ीं नीता शर्मा ने बताया है कि युवराज की मां शबनम सिंह भी जल्दी ही इस प्रोजेक्ट से जुड़ेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक इस वेब सीरीज प्रोजेक्ट से लेखक विपिन उनियाल भी जुड़े हैं। विपिन उनियाल वही शख्स हैं, जिन्होंने अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म श्बच्चन पांडेश की कहानी लिखी है।

## भारत अंडर-17 महिला टीम ने दूसरे मैत्री मैच में रोमानिया को 1-0 से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारतीय अंडर–17 महिला फुटबाल टीम ने तुर्की के तुर्कलर में बुधवार को खेले गये दूसरे मैत्री मैच में रोमानिया को 1–0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल प्रियंका देवी ने 29वें मिनट में पेनल्टी पर किया। रविवार को खेला गया पहला मैत्री मैच 3–3 से बराबर छूटा था। भारतीय टीम ने पहले हाफ में दबाव बनाने के प्रयास किये। पिछले मैच में भारत की तरफ से तीसरा गोल करने वाले सुमति कुमारी 12वें मिनट गोल करने के करीब पहुंच गयी थी लेकिन उन्हें आफसाइड करार दे दिया गया। इसके दो मिनट बाद सुनीता मुंडा का शॉट रोमानिया की गोलकीपर ने रोक दिया। भारत के पास 28वें मिनट में गोल करने का बेहतरीन मौका था लेकिन निर्मला देवी गोलकीपर को नहीं छका पायी। भारत को हालांकि इसके एक मिनट बाद फिर से मौका मिला और प्रियंका ने 12 गज की दूरी से गोल करने में कोई गलती नहीं की। भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में भी दबाव बनाये रखा और रोमानिया को बराबरी का मौका नहीं दिया। इस बीच भारत को 58वें और 70वें मिनट में गोल करने के मौके मिले लेकिन सुमति और सुनीता गोलकीपर को नहीं छका पायी।

## न्यूज डायरी



### चेल्सी का वादा, समलैंगिकों के खिलाफ नारे लगाने वालों को मिलेगी सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब चेल्सी ने कहा है कि सोमवार रात हुए मैच के दौरान यदि मैनचेस्टर युनाइटेड के फैंस को समलैंगिकों के खिलाफ नारे लगाते पाया गया तो उन्हें प्रतिबंधित किया जाएगा। मैनचेस्टर क्लब ने इस मैच में चेल्सी को 2–0 से हरा दिया था। चेल्सी ने बयान जारी कर कहा, 'बीते रात हुए मैच में, मैनचेस्टर युनाइटेड के बड़े समर्थक दल ने समलैंगिकों के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए।' इनमें से कई समर्थकों को स्टेडियम में जाने से रोक दिया गया था, जबकि बाकियों को मैच के दौरान बाहर कर दिया गया था। बयान के मुताबिक, 'इस तरह का व्यवहार चेल्सी फुटबाल क्लब में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन समर्थकों को स्टैमफोर्ड ब्रिज में भविष्य में होने वाले मैचों से प्रतिबंधित किया जाएगा और मैनचेस्टर युनाइटेड के समर्थन से हमने इन समर्थकों की जानकारी निकाल ली है, ताकि इनके खिलाफ सही एक्शन लिया जाए।' मैनचेस्टर युनाइटेड ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है।

### चेतेश्वर पुजारा ने इंग्लिश काउंटी ग्लूस्टरशर से अनुबंध किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। भारत के टेस्ट स्पेशलिस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने बुधवार को इंग्लिश काउंटी चौंपियनशिप के पहले छह मैचों के लिए ग्लूस्टरशर के साथ करार किया। भारतीय टेस्ट टीम के प्रमुख खिलाड़ी पुजारा ने अपनी ठोस तकनीक के कारण बल्लेबाजी को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। ग्लूस्टरशर के साथ उनका अनुबंध 12 अप्रैल से 22 मई तक के लिए है। क्लब की यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में पुजारा ने कहा, 'मैं इस सत्र में ग्लूस्टरशर का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलने से वास्तव में उत्साहित हूं। क्लब का शानदार क्रिकेट इतिहास है और यह इसका हिस्सा बने और इसकी सफलता में योगदान देने का महत्वपूर्ण मौका है।' क्लब ने पुजारा की लंबी अवधि तक बल्लेबाजी करने की क्षमता पर विचार किया। ग्लूस्टरशर को उनके अनुभव का फायदा मिलेगा। यह काउंटी टीम एक दशक में पहली बार काउंटी चौंपियनशिप के डिवीजन–1 में खेल रही है।

### आशू और आदित्य को एशियाई कुश्ती चौम्पियनशिप में ग्रीको रोमन में कांस्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के आशू और आदित्य कुंडु ने बुधवार को यहां एशियाई कुश्ती चौम्पियनशिप के दूसरे दिन क्रमशरू 67 किग्रा और 72 किग्रा ग्रीको–रोमन वर्ग में कांस्य पदक हासिल किये। आशू ने सीरिया के अब्दुलकरीम मोहम्मद अल–हसन को 8–1 से हराया जबकि कुंडु ने जापान के नाओ कुसाका को 72 किग्रा के एकतरफा मुकाबले में डेढ़ मिनट में 8–0 से पस्त कर दिया। भारत ने चौम्पियनशिप में इस तरह चार पदक जीत लिये हैं, इससे पहले सुनील कुमार ने 87 किग्रा वर्ग में ऐतिहासिक स्वर्ण और अर्जुन हालाकुरकी ने 55 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था। ज्ञानेंद्र हालांकि बुधवार को 60 किग्रा ग्रीको रोमन कांस्य पदक मुकाबले में 0–6 से हार गये। इस वर्ग का स्वर्ण पदक जापान के केनीचिरो फुमिता ने अपने नाम किया जिन्होंने किर्गिस्तान के झोलामन शारशेंकोव को 4–0 से शिकस्त दी।

### मोटेरा स्टेडियम की तुलना हेडिंग्ले से कर बुरे फंसे माइकल वॉन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुजरात क्रिकेट असोसिएशन की ओर से बनाया गया दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम अहमदाबाद में तैयार है और 24 फरवरी को इसका उद्घाटन होगा। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सरदार पटेल स्टेडियम की तुलना हेडिंग्ले से कर दी, जिस पर भारतीय प्रशंसकों ही उन्हें जवाब दिया। अहमदाबाद का मोटेरा स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा, जहां 1.10 लाख दर्शक एक साथ बैठकर मैच का लुत्फ उठा पाएंगे। अभी दर्शकों की तादाद के लिहाज से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड दुनिया का सबसे बड़ा मैदान है, जहां करीब 1 लाख दर्शक बैठ सकते हैं। वहीं, इंग्लैंड का हेडिंग्ले स्टेडियम में 18 हजार के करीब दर्शक बैठ सकते हैं।